**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग**
**जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र**
**डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय**
**पूसा,समस्तीपुर (बिहार)–848125**

**बुलेटिन संख्या–50**
**दिनांक: शुक्रवार, 03 जुलाई, 2026**

## विगत मौसम पूर्वानुमान अवधि का आकलन

मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 32.1 एवं 23.7 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 91 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 82 प्रतिशत, हवा की औसत गति 10.9 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 2.2 मि0मी0 तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 4.8 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5से0मी0 गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 30.3 एवं दोपहर में 33.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि 153.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान
## (04–08 जुलाई, 2026)

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा0आर0पी0सी0ए0यू0, पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 4 जुलाई से 8 जुलाई, 2026 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः–

- पूर्वानुमानित अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आमतौर पर मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है। पूर्वानुमान इस अवधि में 5 से 7 जुलाई के दौरान उत्तर बिहार के कुछ स्थानों पर गरज–चमक, वज्रपात तथा तेज हवा चलने की संभावना है तथा कहीं–कहीं हल्की वर्षा हो सकती है। पूरे पूर्वानुमान अवधि के दौरान आसमान आंशिक रूप से बादलों से आच्छादित रहने की संभावना है।
- अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 35–37°C तथा न्यूनतम तापमान 27–29°C के बीच रहने का अनुमान है।
- सुबह में सापेक्ष आर्द्रता 75–80 प्रतिशत तथा दोपहर में सापेक्ष आर्द्रता 35–40 प्रतिशत के आसपास रहने की संभावना है।
- पूर्वानुमान अवधि में हवा मुख्यतः पूर्वा हवा 8–12 किमी प्रति घंटा की गति से चल सकती है।

## समसामयिक सुझाव

- पिछले कुछ दिनों में हुई वर्षा जल का लाभ उठाते हुए धान की अगात किस्मों जैसे *प्रभात, राजेन्द्र सरस्वती, राजेन्द्र भगवती* की बुआई 10–15 जुलाई तक करें। बुआई से पूर्व बीजों को कार्बेन्डाजिम / 2.0 ग्राम/किग्रा बीज से उपचारित करें तथा 10–15 दिन की नर्सरी में समय पर निराई–गुड़ाई करें। जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है वे मध्यम अवधि वाली किस्मों (*राजेन्द्र नीलम, राजेन्द्र कस्तूरी* एवं *राजेन्द्र श्वेता*) की रोपाई कर सकते है। धान की सीधी बुआई के लिए *राजेन्द्र नीलम* एवं *राजेन्द्र भगवती किस्में अनुशंसित है।*
- खरीफ प्याज की नर्सरी तैयार करें। नर्सरी में अच्छी तरह सड़ी हुई गोबर की खाद मिलाएँ। *एग्रीफाउंड डार्क रेड* (ए.डी.आर.), *एन*–53, *भीमा सुपर* एवं *अर्का कल्याण* किस्में अपनाएँ। *ए.डी.आर.* की नर्सरी उचास क्यारियों पर तैयार करें तथा अधिक वर्षा से बचाव हेतु पॉलीथीन आवरण की व्यवस्था करें।
- जहाँ पर्याप्त वर्षा के अभाव में धान की खेती संभव न हो, वहाँ ऊँचास जमीन में वैकल्पिक फसल के रूप में तिल की बुआई मध्य जुलाई तक किया जा सकता हें। बीजों को थीरम / 2 ग्राम/किग्रा बीज से उपचारित करें तथा 30 × 10–15 सेमी की दूरी पर बुआई करें। अनुशंसित उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करें। अनुशंसित किस्में: *कृष्णा, कालिका, कांके सफेद* एवं *प्रगति* (एम.टी.–75)।
- खरीफ मक्का की बुआई शीघ्र पूरी करें। अंतिम जुताई के समय 100–150 क्विंटल एफ.वाई.एम./हेक्टेयर तथा 30:60:50 किग्रा नत्रजन:फास्फोरस:पोटाश/हेक्टेयर आधार खाद के रूप में दें। अनुशंसित किस्में: *शक्तिमान*–2, *शक्तिमान*–5, *शक्तिमान*–6 एवं *राजेन्द्र शंकर मक्का*–3।
- ऊँचास एवं अच्छी जल निकास वाली जमीन में रागी (राजेन्द्र मडुआ, आर.यू.–8, आर.यू.–3) एवं कौनी (राजेन्द्र कौनी–1) की बुआई करें।
- खरीफ अरहर की बुआई ऊँचास जमीन में करें। *बहार, पूसा*–9, *राजेन्द्र अरहर*–1 एवं *राजेन्द्र अरहर*–2 किस्में अपनाएँ। बीजों को कार्बेन्डाजिम एवं क्लोरपाइरीफॉस से उपचारित कर राइजोबियम कल्चर लगाएँ।
- स्वस्थ एवं रोगमुक्त केले के सकर लगाएँ। उत्तर बिहार की परिस्थितियों में *अल्पान, कंथाली, मालभोग, चिनिया* तथा *जी*–9 लम्बी किस्मों के लिए उपयुक्त हैं, जबकि *ग्रैंडनाइन, रोबेस्टा* एवं *बसराई* बौनी किस्मों के रूप में अनुशंसित हैं। सब्जी प्रयोजन के लिए *बत्तीसा, सावा, बांकेल* एवं *कचकेल* किस्में उपयुक्त हैं, जबकि *कोठिया, मुठिया, दूधसागर* एवं *चकिया* किस्मों का उपयोग सब्जी एवं फल दोनों उद्देश्यों के लिए किया जाता हैलम्बी किस्मों के लिए 2.0 × 2.0 मीटर तथा बौनी किस्मों के लिए 1.5 × 1.5 मीटर की दूरी रखें।
- दुधारू पशुओं का गलघोटू (एच.एस.), लंगड़ा बुखार (बी.क्यू.) एवं खुरपका–मुँहपका (एफ.एम.डी.) के विरुद्ध समय पर टीकाकरण कराएँ। टीकाकरण से 15 दिन पूर्व कृमिनाशक दवा दें। पशुशालाओं में स्वच्छता बनाए रखें तथा जिन पशुओं का एल.एस.डी. के लिए टीकाकरण नहीं हुआ है, उन्हें पशु चिकित्सक की सलाह से गोट पॉक्स वैक्सीन लगवाएँ।

| | |
|---|---|
| आज का अधिकतम तापमानः 35.0 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस अधिक | आज का न्यूनतम तापमानः 26.0 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस कम |

**(डॉ0 ए. सत्तार)**
**वरीय वैज्ञानिक सह नोडल पदाधिकारी**